Nai Dunia

केनरा एचएसबीसी ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने

एचएसबीसी अध्ययन, 'फ्यूचर ऑफ रिटायरमेंट : दि पावर ऑफ प्लानिंग' जारी किया

नई दिल्ली: भारत के दो सबसे बड़े सरकारी बैंकों - केनरा बैंक और ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स तथा एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया पैसेफिक) होल्डिंग्स लिमिटेड के बीच संयुक्त उपक्रम - केनरा एचएसबीसी ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने आज भारत में एचएसबीसी अध्ययन, 'फ्यूचर ऑफ रिटायरमेंट : दि पावर ऑफ प्लानिंग' जारी किया। अध्ययन में यह भी कहा गया है कि जो लोग भविष्य के लिए वित्तीय योजना बनाते हैं वे ऐसा नहीं करने वालों के मुकाबले कई तरह के लाभ में रहते हैं। इसे प्लानिंग प्रीमियम कहा जाता है तथा ये फायदे हार्ड और सॉफ्ट दोनों हैं। इनमें न सिर्फ बृहत्तर और विविध रिटायरमेंट सेविंग है बल्कि ज्यादा सकारात्मक आउटलुक और बाद के जीवन के लिए कम चिन्ता शामिल है। फाइनेंशियल प्लानिंग करने वाले लोगों के न सिर्फ रिटायरमेंट में बेहतर रहने की उम्मीद है बल्कि इस बात की भी संभावना है कि वे ऐसा न करने वालों की ही तरह रिटायरमेंट का संबंध आजादी जैसे सकारात्मक विचारों से ही जोड़ेंगे और आर्थिक मुश्किल जैसी नकारात्मक चीज से जोड़ेंगे इसकी आशंका कम ही है।